भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1720
दिनांक 01 अगस्त, 2024

उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभार्थी

1720. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दादरा और नागर हवेली और दमण और दीव में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की कुल संख्या और जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नागर हवेली और दमण और दीव में बड़ी संख्या में परिवार उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन की मांग कर रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा ऐसे परिवारों की मांग को पूरा करने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदम क्या हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क): दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार, दादरा और नागर हवेली तथा दमन व दीव में 17,861 प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थी हैं। पीएमयूवाई लाभार्थियों के जिला–वार ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:-

जिला	पीएमयूवाई के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या
दादरा और नागर हवेली	17024
दमन	497
दीव	340

स्रोत: सार्वजनिक क्षेत्र की विपणन कंपनियां

(ख) और (ग): पूरे देश में गरीब परिवार की वयस्क महिला सदस्यों के नाम से बगैर जमानत राशि के एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए दिनांक 01.05.2016 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत की गई थी। पीएमयूवाई चरण-I के तहत 8 करोड़ कनेक्शनों को जारी

करने के लक्ष्य को सितम्बर, 2019 में हासिल कर दिया गया था। शेष गरीब परिवारों को कवर करने के लिए, पीएमयूवाई चरण-2 (उज्ज्वला 2.0) अगस्त, 2021 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य 1 करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शनों को जारी करना था जिस लक्ष्य को जनवरी, 2022 में हासिल कर लिया गया था। तत्पश्चात सरकार ने उज्ज्वला 2.0 के तहत 60 लाख से अधिक एलपीजी कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया और दिनांक 01.01.2023 की स्थिति के अनुसार उज्ज्वला 2.0 के तहत 1.60 करोड़ कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य को पहले ही हासिल कर लिया गया था। इसके अलावा सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए पीएमयूवाई योजना के अंतर्गत अतिरिक्त 75 लाख कनेक्शन जारी करने का अनुमोदन दे दिया था जिसे दिनांक 08.07.2024 को पहले ही हासिल कर लिया गया है। दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार, पीएमयूवाई योजना के अंतर्गत अतिरिक्त 75 लाख कनेक्शन के अंतर्गत सरकार ने दादरा और नागर हवेली तथा दमन व दीव में 2467 कनेक्शन जारी कर दिया है।

****